भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 122
गुरुवार, 13 फरवरी, 2025 (24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमान कंपनियों का समयबद्धता संबंधी निष्पादन

***122. सुश्री महुआ मोइत्रा:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) देश में सभी विमान कंपनियों का विमान कंपनीवार समयबद्धता संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) देश में सभी विमान कंपनियों के सुरक्षा संबंधी रिकॉर्ड का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) और (ख): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"विमान कंपनियों का समयबद्धता संबंधी निष्पादन" के संबंध में सुश्री महुआ मोइत्रा द्वारा पूछे गए दिनांक 13.02.2025 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या 122 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) चार महानगरीय हवाईअड्डों (अर्थात दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और हैदराबाद) द्वारा डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) को प्रस्तुत प्रमुख अनुसूचित घरेलू एयरलाइनों का एयरलाइनवार समय पर प्रदर्शन (ओटीपी) के संबंध में वर्ष 2024 के लिए महीने-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) पिछले 3 वर्षों के दौरान अर्थात जनवरी 2022 से आज तक, अनुसूचित एयरलाइनों से संबंधित केवल एक विमान दुर्घटना हुई है। विमानों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने हेतु, नागर विमानन महानिदेशालय के पास एक सुदृढ प्रणाली है, जिसके तहत निगरानी, स्पॉट चेक और विनियामक संपरीक्षा के माध्यम से सुरक्षा विनियमों के अनुपालन की सतत निगरानी की जाती है। इसके अलावा, जोखिम के अनुसार विशेष संपरीक्षाएं भी की जाती हैं। संपरीक्षा, निगरानी और स्पॉट चेक के निष्कर्षों के अनुपालन के लिए संबंधित प्रचालक के साथ सम्पर्क किया जाता है। उचित सत्यापन के बाद पर्यवेक्षणों को बंद कर दिया जाता है। इसके अलावा, प्रचालक द्वारा की गई कार्रवाई के अनुपालन को अगली संपरीक्षा/निगरानी के दौरान सत्यापित किया जाता है। संपरीक्षा/निगरानी के दौरान नियमों के किसी भी उल्लंघन/गैर-अनुपालन का पता लगने पर, नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा वित्तीय दंड सहित प्रवर्तन कार्रवाई की जाती है।

अनुलग्नक

एयरलाइन	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितंबर	अक्तूबर	नवंबर	दिसंबर
एयर एशिया (एआईएक्स कनेक्ट)	60%	74%	83%	80%	75%	78%	70%	67%	70%	-	-	-
एअर इंडिया	48%	56%	72%	72%	68%	61%	57%	66%	68%	66%	59%	68%
अकासा एयर	72%	73%	84%	89%	86%	79%	64%	71%	62%	67%	66%	63%
एलाइंस एअर	51%	48%	49%	49%	59%	59%	52%	55%	54%	54%	59%	56%
इंडिगो	60%	73%	81%	76%	73%	76%	62%	66%	69%	72%	75%	73%
स्पाइस जेट	38%	59%	64%	64%	61%	46%	29%	31%	30%	64%	63%	62%
विस्तारा	68%	67%	77%	76%	82%	79%	65%	69%	69%	71%	79%	-

टिप्पणी:

1. नवंबर 2024 में विस्तारा का एअर इंडिया में विलय हो गया है।

2. अक्टूबर, 2024 में एआईएक्स कनेक्ट का एअर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय हो गया है।

******